हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 काल के भय से मुक्ति दिलाने वाला ग्रंथ है श्रीमद्‌ भागवत



12 जीवन में सदैव बैर भाव को कल पर टालना चाहिए : आचार्य सागर मिश्रा









# लो वोल्टेज : पानी की समस्या से जूझ रहे वनांचलवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

भाजपा की सरकार गांव-गांव में बिजली पहुंचाने का एक तरफ दंभ तो जरूर भरती है, लेकिन जब नेटवर्क विहीन वनांचल क्षेत्रों की बात करे तो आज भी कई गांवों में बिजली का खंभा लगा है, दूर में कही ट्रांसफर भी लगा है, लेकिन ग्रामीणों को लो वोल्टेज की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। विदित हो कि कसडोल विकासखंड अन्तर्गत वनांचल ग्राम नवागांव के ग्रामीण आधुनिकता के इस दौर में भी लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं, जिसके कारण ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ 10 वर्षों से सब स्टेशन की कर रहे मांग, फिर भी नहीं हो रही सुनवाई

## ग्रामीण अंचल में पानी के लिए मची त्राहि - त्राहि, गर्मी के पहले माह में है यह हाल

### पानी के लिए लग रही लाइन

हमारे द्वारा लगातार लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने की मांग की जा रही है, लेकिन बिजली विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। 1 माह से लो वोल्टेज है, कोई काम नहीं हो रहा है, गांव में पानी के लिए सुबह से घर की महिलाएं लाइन में लगी रहती है। जल्द निराकरण नहीं हुआ तो अब आंदोलन का रुख अपनाएंगे।

-तिजराम ठाकुर, जनपद सदस्य



पानी के लिए सुबह से लग जाती है लाइन

ग्राम नवागांव में लो वोल्टेज के कारण सुबह से ही ग्राम की महिलाएं लाइन लगाकर पानी भरती है। कभी कभी आपस में झूमा झपटी का भी सामना करना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि ग्राम में एक से 2 जगह बोरिंग है, लेकिन उसमें भी इस भीषण गर्मी में पानी की जगह केवल हवा निकल रही है। यहां एक जगह ▶▶ शेष पेज 11 पर

### 1 माह से मोबाइल नहीं हो रहा चार्ज

वनांचल ग्राम नवागांव के ग्रामीणों ने बताया कि डिम लाइट की वजह से ग्रामीणों के मोबाइल तक चार्ज नहीं होते हैं, जिसके कारण 1 माह से ग्रामीण अंधकारमय जीवन जी रहे हैं, इसके अलावा यहां से मेन सब स्टेशन की दूरी 35 किलोमीटर दूर कसडोल है, जहां वनांचल क्षेत्रों में थोड़ा भी पानी या तूफान आने पर गांव ▶▶ शेष पेज 11 पर

### जल्द मिलेगी समस्या से निजात

प्रपोजल बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया है जल्द ही ग्रामीणों को लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिल जाएगा।

-भूषण वर्मा, कनिष्ठ अभियंता, कसडोल

### आंदोलन करेंगे

10 वर्षों से नया ट्रांसफर और सब स्टेशन की मांग की जा रही है, लेकिन वनांचल वासियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण आज गांव में पानी के लिए त्राहि मची हुई है। अगर जल्द निराकरण नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जायेगा।

-राम सिंह गोंड, ग्रामीण, नवागांव

## खबर संक्षेप

### अंतरला में जहर सेवन कर युवक ने दे दी जान



**महासमुंद**। सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम अंतरला के 20 साल के युवक की जहर सेवन करने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अविनाश तांडी पिता आनंद (20) निवासी अंतरला ने अज्ञात कारणों से जहर का सेवन कर लिया। परिवार वालों ने उसे शासकीय अस्पताल सरायपाली में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**महासमुंद**। कोमाखान थाना अंतर्गत राटापाली के बुजुर्ग की फांसी लगाने से मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी से ग्राम राटापाली निवासी गणेशराम पिता बल्लू राम यादव (70) ने गांव के स्कूल के पीछे अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### युवक ने किया विषपान, हुई मौत

**महासमुंद**। जहर सेवन के बाद इलाज के लिए भर्ती युवक की अस्पताल में मौत हो गई। सांकरा पुलिस ने बताया कि ओमप्रकाश तांडी पिता गुरुदेव (35) तिलंजनपुर ने जहर सेवन कर लिया था। जिसे शासकीय अस्पताल सरायपाली में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। बलौदा पुलिस ने मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी दुर्गेश मटारी पिता किशोर मटारी निवासी किसड़ी ने आरोपी सुमेश मटारी द्वारा उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट कर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### 23 हजार रुपए का शराब जब्त

**महासमुंद**। सरायपाली पुलिस ने ग्राम बेहरापाली से बड़ी मात्रा में महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी कीर्तिलाल यादव पिता (35) निवासी बेहरापाली के खेत से बिक्री के लिए रखे गए 115000 एमएल महुआ शराब कीमत 23000 रुपए को जब्त किया गया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद**। पिथौरा पुलिस ने ग्राम किशनपुर के धरमराज नागवंशी पिता नेवार सिंग (49) किशनपुर पिथौरा के कब्जे से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## दशगात्र कार्यक्रम में हुए थे शामिल, तीन की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रिफर

# रानीगढ़ में फूड पाइजनिंग से 53 बीमार कैंप में बच्चों समेत 40 का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

अनु विभाग मुख्यालय बिलाईगढ़ से लगा ग्राम रानीगढ़ में बुधवार की रात दशगात्र कार्यक्रम में दूषित भोजन खाने से अनेक लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए। प्रभावितों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनसीर एवं गांव में ही कैंप लगाकर किया जा रहा है। तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार रेफर भी किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मुख्यालय बिलाईगढ़ से लगा ग्राम रानीगढ़ में कुधवार को केवट परिवार में दशगात्र कार्यक्रम था। कार्यक्रम में भोजन खाने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव एवं उनकी टीम तत्काल प्रभावित गांव रानीगढ़ पहुंच कर कैंप लगाया तथा मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनसिर में समुचित इलाज हेतु तत्परता के साथ रवाना किया। बीएमओ डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव ने बताया कि दूषित भोजन खाने के बाद फूड पॉइजनिंग की घटना घटित हुई है। दशगात्र कार्यक्रम में जितने लोगों ने भोजन किया सभी फुड पॉइजनिंग के शिकार हो गए और रात्रि में ही मरीजों की स्थिति देखकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में भर्ती कराया गया।

## इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग ने धनसीर में लगाया कैंप



### 53 मरीजों का इलाज जारी

सूत्रों के मुताबिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में 53 मरीजों का इलाज जारी है, जिनमें से तीन मरीजों को रियांशी केवट डेढ़ वर्ष, कनिष्का केवट 3 वर्ष एवं भारती केवट 27 वर्ष को जिला चिकित्सालय बलौदा बाजार रेफर किया गया है तथा 7 मरीजों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनसिर में किया जा रहा है। दो–तीन मरीज प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज करा रहे हैं। वहीं प्रभावित गांव रानीगढ़ में ही कैंप लगाकर 30–40 मरीज का इलाज किया जा रहा है।

# नलकूप खनन के लिए अनुमति जरूरी, 31 जुलाई तक प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने सारंगढ़ बिलाईगढ़ संपूर्ण जिला को आगामी 31 जुलाई तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 क्रमांक 3, 1987 की धारा 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कलेक्टर ने यह आदेश जारी किया है।

उक्त अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले में उपरोक्त अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानमुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा, लेकिन शासकीय एजेंसी जैसे–लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संपूर्ण जिले में तथा नगरपालिक निगम, नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने नगरीय निकाय की सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराये गये नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजना होगा।

### अधिनियम के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

जिले के सभी नागरिकों को अपने नगर अथवा ग्रामीण क्षेत्र में नलकूप खनन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से विधिवत अनुमति की आवश्यकता होगी। जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अपने क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति देने के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्राधिकृत अधिकारी अपने कार्य क्षेत्र में छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियमों में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नलकूप खनन आवश्यक होने पर अनुमति प्रदान करने की कार्यवाही करेंगे। यदि किसी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा उक्त अधिनियम के उल्लंघन में नलकूप खनन करना पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# रामायण महोत्सव में शामिल हुए विधायक इंद्र साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



ग्राम गुड़ाघाट में ग्रामवासियों द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रामायण महोत्सव में विधायक इन्द्र साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ने भगवान राम के मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाएं जाने की व्याख्या करते हुए बताया कि, भगवान राम हमेशा सत्य की राह पर चले। अपने से बड़ों का व अपने से छोटों का कबक्या और कैसे आचरण व व्यवहार करना चाहिए इन बातों का उन्होंने हमेशा ध्यान रखा। भगवान राम ने सभी अवसरों पर अपने शील और शालीनता को अक्षुण बनाएं रखा। तभी वे मर्यादा की रक्षा करने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम राम कहलाएं। आज समस्त देशवासियों के आराध्य देव के रूप में भगवान राम सर्वत्र पूजे जाते हैं। रामायण महोत्सव के इस कार्यक्रम में विधायक इन्द्र साव के समर्थकों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति रहीं।

# मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन और स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता अंतर्गत नवाचार करते हुए नये–नये आयोजन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम दानसरा और बरमकेला विकासखंड के ग्राम लेन्धरा के बाजार में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। दानसरा में इस रैली की शुरूआत मंदिर प्रांगण से की गई। इसी प्रकार जनपद पंचायत बरमकेला के सीईओ प्रज्ञा यादव के नेतृत्व में ग्राम पंचायत पिहरा, डुमरपाली और गोबरसिंघा में तालाब गहरीकरण या अन्य कार्य में संलग्न श्रमिकों ने मतदान करने के लिए सामूहिक शपथ ली।

## प्रत्याशी बृजमोहन ने पार्टी कार्यकर्ताओं को समझाया बूथ मैनेजमेंट

# भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता किसी सैनिक से कम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा






भारतीय जनता पार्टी पंचायत से लेकर लोकसभा चुनाव तक किसी को भी कमतर नहीं आंकती है। इसीलिए पार्टी हर चुनाव को अपनी पूरी ताकत के साथ लड़ती है। पार्टी 12 महीने 24 घंटे सातों दिन चुनाव के लिए तैयार रहती है। पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता किसी सैनिक से कम नहीं है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए हमेशा तैयार है। उक्त बाते मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने भाटापारा में भाजपा के चारों मंडल बैठक के दौरान कही।

बैठकें निपनिया मंडल के ग्राम भोथीडीह, भाटापारा नगर मंडल भाजपा कार्यालय, भाटापारा ग्रामीण ग्राम तरेंगा और सिमगा मंडल ग्राम दामाखेड़ा में की गई। इन बैठक का उद्देश्य लोकसभा चुनाव में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में बेहतर बूथ प्रबंधन था।

शिवरतन शर्मा ने महिला कार्यकर्ताओं से कहा कि एक महिला दूसरी महिला की बात अच्छे से सुनती और समझती है। इसलिए महिला कार्यकर्ता भी पूरी तैयारी और जानकारी के साथ महिला मतदाताओं के बीच जाएं और कमल के लिए वोट मांगे।

बैठक में पूर्व विधायक धरसीवां देवजी भाई पटेल, जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े, राकेश तिवारी, कृष्णा अवस्थी, अनिल पांडेय, मोहन बांधे, अश्वनी शर्मा, आशीष जायसवाल, सुनील यदु, महाबल बघेल, सुनील मिश्रा, धनीराम साहू, देवक साहू, मथुरा यदु, डबलू ठाकुर, पवन वर्मा, रोशन साहू, केजु राम बघेल, छोटू यादव, चंद्रमणि तिवारी, आनंद यादव, मनिंदर सिंह गुम्बर, योगेश अंनत, गोपाल देवांगन, सतीश सोनी, गोलू देवांगन, टिक्की वर्मा, कमलेश ▶▶ शेष पेज 11 पर

### 24 घंटे मिल रही है बिजली

श्री अग्रवाल ने कहा पहले के समय पालिका चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव तक मुख्य मुद्दा नाली, सड़क, बिजली और पानी का होता था, लेकिन पिछले 10 सालों में नरेंद्र मोदी ने देश की दशा और दिशा दोनों बदल दी हैं। आज ग्रामीण इलाकों तक में गरीबों को पक्के मकान, नल जल योजना से जल, 24 घंटे बिजली मिल रही है, जिससे ग्रामीण इलाकों के बच्चों को शिक्षा के लिए बेहतर माहौल मिल रहा है।

# फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार**। सहायता केन्द्र निपनिया पुलिस ने 26 साल पुराने मामले में फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। विदित हो कि आरोपी अपराध दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था, जहां उसके खिलाफ धारा 147,148, 149, 307 कायम थी। उप निरीक्षक किशन कुंभकार प्रभारी पुलिस सहायता केंद्र ने बताया कि स्थाई वारंटी प्रदीप कुमार पिता मंगलु धव निवासी ग्राम बकुलाही प्रकरण दर्ज होने के बाद लगभग 26 वर्षों से फरार चल रहा था, जिसे पुलिस ने 4 अप्रैल को मुखबिर की सहायता से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल दाखिल किया है।

हरिभूमि पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### स्टेशन में फैली अव्यवस्था के खिलाफ किया मौन प्रदर्शन

**रायपुर।** रेलवे स्टेशन में फैली अव्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस के रायपुर लोकसभा सांसद प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने बुधवार को रेलवे प्रांगण के बाहर महात्मा गांधी का चित्र लेकर मौन धरना-प्रदर्शन किया। इस मौके पर श्री उपाध्याय ने कहा कि रेलवे देश और प्रदेश की जनता को सहूलियत देने वाला सफर तय करवाती है लेकिन जब से केंद्र में भाजपा सरकार आई है तब से रेलवे को बदहाली की दिशा में धकेल दिया है। 10 साल में रेलवे बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। भाजपा सरकार ने रेलवे की स्थिति को बदतर कर दिया, जिसके फलस्वरूप देश-प्रदेश की जनता परेशानी झेल रही है।

### चेट्रीचंड के उपलक्ष्य में निकाली स्कूटर रैली



**रायपुर।** चेट्रीचंड के उपलक्ष्य में महिलाओं ने स्कूटर रैली निकाली। भाभी मां बरखा जसूजा के सानिध्य में निकाली गई रैली को लिली चौक दुर्गा मंदिर के संत अनंतपुरी गोस्वामी महाराज, आनंद कुकरेजा, श्रीचंद सुंदरानी, अमर परवानी, राजकुमार बजाज, अशोक मखीजा, महेश दरयानी समेत सभी पंचायत के अध्यक्षों ने झंडी दिखा कर रवाना किया। सिंधु पैलेस शंकर नगर से स्कूटर रैली शुरू हुई। तेलीबांधा में अजीत कुकरेजा ने रैली का स्वागत किया। रैली का समापन लाखे नगर में हुआ।

### सोनकर समाज के अध्यक्ष बने रवि



**रायपुर।** सोनकर समाज भाठागांव राज का अध्यक्ष युवा नेता रवि सोनकर को बनाया गया। इसके अलावा भाठागांव सोनकर समाज का वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजोरीराम सोनकर को चुना गया, सचिव सुरेंद्र सोनकर, कोषाध्यक्ष कृष्ण सोनकर, अंकेक्षक छबिलाल सोनकर, उपसचिव दीपक सोनकर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष कमल नारायण, नरेंद्र और तोरण सोनकर को बनाया गया। इसी दौरान समाज के अध्यक्ष रवि सोनकर ने कहा कि हमारे समाज की प्रेरणा बिन्नीबाई सोनकर की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की मांग शासन से की है।

### 9 से अखंड रामायण पाठ

**रायपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर संकट मोचन हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ होने जा रहा है। इसके साथ ही मंदिर में मनोकामना अखंड दीप प्रज्वलित की जाती है। अखंड रामायण पाठ का प्रारंभ 9 अप्रैल से होगा। पाठ का समापन 17 अप्रैल रामनवमी को किया जाएगा और श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

### एसएफआई ने की छात्रों के व्यवस्थापन के लिए हस्तक्षेप की मांग

**रायपुर।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा संबद्धता रद्द किए गए स्कूलों के छात्रों के व्यवस्थापन के लिए जिला प्रशासन से हस्तक्षेप करने की मांग की है। 4 अप्रैल को एसएफआई का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर को इस संबंध में ज्ञापन सौंपेगा। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली ने शहर के दो स्कूलों की मान्यता और संबद्धता रद्द कर दी। इससे वहां अध्ययनरत छात्रों के भविष्य पर सवाल खड़े हो गए हैं। एसएफआई के जिला संयोजन समिति के सदस्य गर्व गभने, हर्ष ढिंगानी, अल्पिका कन्नौजे तथा अथर्व अवस्थी ने बताया कि सीबीएसई के नियम के कारण मान्यता खोने वाले दोनों स्कूलों के छात्र परेशान हैं तथा अनिर्णय की स्थिति में हैं। एसएफआई ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जिला प्रशासन इस मामले में हस्तक्षेप करें तथा सीबीएसई से आग्रह कर मान्यता खोने वाले दोनों स्कूलों के छात्रों को निकटस्थ स्कूलों में प्रवेश दिलवाए तथा छात्रों की मदद करें।

# रास्ता भटक कर आए बाघ को सुरक्षित एरिया में ले जाने बाघिन का झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव


बाघ की कमी से जूझ रहे छत्तीसगढ़ में महासमुंद के रास्ते भटक कर इन दिनों एक बाघ बलौदाबाजार वनमंडल के बारनवापारा के वन विकास निगम के क्षेत्र में भटक रहा है।

बाघ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन अफसर हर संभव कोशिश में जुटे हुए हैं। साथ ही बाघ के साथ किसी तरह से अनहोनी न हो, इसके लिए चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर टाइगर की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। बाघ की सुरक्षा के लिए तकनीकी उपाय भी किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बाघ को कोर एरिया में आने के लिए प्रेरित करने टाइग्रेस के यूरिन के प्रयोग किए जाने की जानकारी मिली है। गौरतलब है कि बाघ बलौदाबाजार वनमंडल के जिस एरिया में भटक रहा है, वहां घना जंगल होने के बजाय सामान्य वनक्षेत्र है। ऐसे में बाघ के रिहायशी क्षेत्र में घुसने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। बाघ पूरी तरह से सुरक्षित रहे, इसके लिए बाघ को घने वनक्षेत्र में ले जाना बेहद जरूरी है। सूत्रों के मुताबिक बाघ को बारनवापारा के कोर एरिया में आने के लिए प्रेरित करने जंगल सफारी के टाइग्रेस की यूरिन का बाघ जिस क्षेत्र में विचरण कर रहा है, उस रास्ते से जंगल के कोर एरिया में स्प्रे किए जाने की जानकारी मिली है। इस संबंध में वन अफसर कुछ भी बोलने से बचते नजर आ रहे हैं।

## इन ब्रिडिंग के लिए नर बाघ के भटकते हुए पहुंचने की आशंका

### साथी नहीं मिलने पर वापस चला जाएगा

वन्यजीवों के जानकारों के मुताबिक नर बाघ अपने लिए नए टेरिटरी की तलाश में सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय कर किसी दूसरे राज्य के वनक्षेत्र में पहुंचता है। बाघ जिस नए क्षेत्र में पहुंचता है, वहां प्रे-बेस मिलने के साथ ही साथी की जरूरत पड़ती है। बारनवापारा में बाघ के लिहाज से प्रे-बेस बेहतर है, लेकिन बाघ को वहां मेटिंग के लिए साथी नहीं मिल पाएगा। ऐसी स्थिति में बाघ नए क्षेत्र की ओर पलायन कर जाएगा।



*युवा होने की वजह से हर हाल में साथी : जानकारों के मुताबिक बाघ की उम्र महज चार से पांच साल के बीच है, ऐसे में बाघ को हर हाल में अपने लिए साथी की जरूरत पड़ेगी। बलौदाबाजार वनमंडल में बाघ की गतिविधियों को देखते हुए उसके यहां जून-जुलाई तक रहने की उम्मीद वन अफसरों को है। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को विश्वास में लेकर बाघ को कोर एरिया में ले जाने के बाद किसी दूसरे राज्य से मादा बाघिन लाकर छोड़ना चाहिए। इससे बारनवापारा से लेकर गोमर्डा अभयारण्य एक बार फिर से बाघों की बसाहट हो जाएगी।*

### यूरिन, मल से साथी की तलाश

बाघ के अलावा अन्य प्रजाति के जीव, जंतु मल तथा यूरिन के माध्यम से अपने लिए साथी की तलाश करते हैं। अफसरों को उम्मीद है कि जिस क्षेत्र में बाघ भटक रहा है, उस क्षेत्र के पेड़ों में बाघिन के यूरिन का स्प्रे करने से बाघ कई किलोमीटर दूर से सूंघ सकता है और खिंचा चला आएगा।

### यूरिन, मल के प्रयोग से संख्या 50 के पास

बारनवापारा में जिस स्थिति में बाघ पहुंचा है, वैसी ही स्थिति में मध्यप्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व जो नाम का टाइगर रिजर्व रह गया था, वहां वर्ष 2008 में पेंच नेशनल पार्क से एक युवा बाघ भटकते हुए पहुंच गया था। साथी नहीं मिलने की स्थिति में बाघ वापस पेच लौट रहा था। इसके बाद वन अफसरों ने उस बाघ को ट्रैंक्यूलाइज कर वापस पन्ना लाकर छोड़ा, इसके बाद कान्हा तथा बांधवगढ़ से दो मादा बाघ लाकर पन्ना में छोड़ा गया। इसके बाद दोनों मादा बाघ के यूरिन तथा मल को मिलाकर बाघ जिस क्षेत्र में रह रहा था, उस इलाके में छिड़काव किया गया। वर्तमान में पन्ना में बाघों की संख्या 50 से ज्यादा है। राज्य में बाघों की संख्या बढ़ाने कुछ इसी तरह के प्रयास राज्य के वन अफसरों को करने होंगे।

## तीन माह का अल्टीमेटम, बिना कुछ किए बीत गया एक महीना

# पैट सीटी मशीन की उपयोगिता तय करने प्रशासकीय स्वीकृति का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गले की फांस बन चुकी 18 करोड़ की पैट सीटी मशीन की उपयोगिता तय करने अस्पताल प्रबंधन प्रशासकीय स्वीकृत के इंतजार में है। इस मशीन का जनहित में उपयोग करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री द्वारा दिए गए तीन महीने के अल्टीमेटम का एक महीना बिना कुछ किए बीत चुका है।

आंबेडकर अस्पताल के कैंसर विभाग में मरीजों की जांच के लिए 18 करोड़ की पैट सीटी मशीन के उपयोग का मामला समय-समय पर सामने आता है। जनहित में इसका उपयोग करने शासन स्तर पर आश्वासन दिया जाता है, मगर समय के साथ इससे संबंधित पेचीदगी नहीं सुलझने की वजह से मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। इस बार स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कमरे में बंद पैट सीटी मशीन के मामले को गंभीरता से लिया है उन्होंने करीब एक माह पहले अस्पताल प्रबंधन को इसका उपयोग शुरू करने के लिए तीन महीने का वक्त दिया था, लेकिन अब तक इसमें किसी तरह की प्रक्रिया शुरू होने के संकेत नहीं दिख रहे हैं। अस्पताल सूत्रों के अनुसार पिछली बार की तरह इस बार भी मामला प्रशासकीय स्वीकृति पर अटका है, जो अब तक अस्पताल प्रबंधन को प्राप्त नहीं हुआ है। उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि बिना प्रशासकीय स्वीकृति मिले इस मशीन का टेस्ट भी नहीं किया जा सकता कि यह उपयोग के लायक है अथवा नहीं। मशीन वर्ष 2018 में खरीदी गई थी और उसके साथ विवाद का जन्म होने की वजह से उसे कैंसर विभाग के भवन के एक कमरे में ताला बंद कर दिया गया है। मशीन का उपयोग एकमात्र मरीजों की जांच के लिए नहीं किया जा सका है। इस मशीन की वारंटी अवधि भी समाप्त होने की चर्चा है।

### आउटसोर्सिंग पर विचार

सूत्रों के अनुसार राजधानी के सुपरस्पेशलिटी डीके हास्पिटल में पैथालॉजी से लेकर रेडियोलॉजी संबंधित जांच पीपीपी मोड पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से पूरा किया जाता है। आंबेडकर अस्पताल में पैट सीटी की जांच की शुरुआत तीन महीने में नहीं किए जाने पर इसे आउटसोर्सिंग के माध्यम से पूरा किए जाने की चेतावनी दी गई थी। चिकित्सा शिक्षा विभाग से जुड़े कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि पीपीपी मोड पर इसका संचालन बेहतर व्यवस्था हो सकती है।



### कंपनी के इंजीनियर करेंगे जांच

उपयोग के लिए पैट सीटी मशीन की जांच संबंधित कंपनी के इंजीनियरों से कराया जाएगा। इसके लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिलने का इंतजार किया जा रहा है।
- **डॉ.एसबीएस नेताम,** चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

## साइंस सेंटर ने तैयार किया हैप्पी बर्थ डे संगीत से गूंजने वाला उपकरण, जन्मदिन मनाने लगे लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के सड्डू स्थित साइंस सेंटर में अब बच्चे अपना जन्मदिन भी मना पाएंगे। संस्था ने नलिकाओं से एक नया उपकरण तैयार किया है, जिसे नायलोन के हथौड़े से मारने पर हैप्पी बर्थ डे की धुन निकलती है। इस धुन के जरिए यहां पहुंचने वाले बच्चों के साथ बड़े भी अपना और दूसरों का जन्मदिन सेलिब्रेट कर सकते हैं।

■ नया उपकरण खूब भा रहा बच्चों को

इस आकर्षक उपकरण को साइंस सेंटर के इंजीनियर डा. अमित मेश्राम ने तैयार किया है। उन्होंने बताया कि संस्था की ओर यह पहला प्रादर्श तैयार किया गया है। इस उपकरण के बनने से बच्चे अब इस उपकरण से हैप्पी बर्थ डे की धुन निकालकर अपना और अपने साथियों का जन्मदिन भी मनाने लगे हैं।

बच्चों के साथ आने वाले परिजन भी इस उपकरण को काफी पसंद कर रहे है या यहूं कहें कि यहां आने वाले सभी लोगों को यह उपकरण बहुत पसंद आ रहा है, क्योंकि इससे साइंस सेंटर में हर कोई अपना जन्मदिन को संगीतमय वातावरण में सेलिब्रेट कर रहा है।

## जैन मंदिर में निशुल्क स्वास्थ्य मेला 7 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जैन संप्रदाय के चौबीसवें व अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर संपूर्ण भारत सहित छत्तीसगढ़ में विभिन्न समाजोपयोगी और जनहित के कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में रायपुर में महावीर जयंती के अवसर पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी में डीडी नगर स्थित 1008 श्रीवासु पूज्य दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण में 7 अप्रैल को निशुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगा। आदिश्वर महिला मंडल और जैन मिलन महिला की अध्यक्ष वर्षा जैन सिंघई ने बताया कि शिविर में मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट व ईसीजी की सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही सामान्य स्वास्थ्य जांच सहित स्त्री रोगों, अस्थि रोगों की निशुल्क जांच कर उचित परामर्श प्रदान करेंगे। कार्यक्रम दिगंबर जैन आदिश्वर महिला मंडल डीडी नगर और जैन मिलन महिला रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है।

शिविर की तैयारी में आदिश्वर महिल मंडल की सचिव श्रद्धा जैन, वंदना जैन, डॉ. मंजुला जैन, सरिता जैन, वंदना जैन, राखी जैन पवैया, डॉली जैन, अंजलि जैन, शालिनी जैन आदि जुटे हुए हैं।

## मुख्यमंत्री साय ने ब्रोशर का किया विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा शंकरनगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में 7 अप्रैल को चेट्रीचंड्र की पूर्व संध्या पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और चंड्र की रात का आयोजन किया जा रहा है। पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी और प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की टीम ने मुख्य अतिथि के रूप में 7 अप्रैल को बीटीआई ग्राउंड में आने के लिए आमंत्रित किया, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार करते हुए आने की सहमति दी। साथ ही मुख्यमंत्री से आयोजन के ब्रोशर का विमोचन भी करवाया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने आयोजन के सफल होने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा, राजा जेठानी, अनिल जोतसिंघानी, विशाल राजानी, प्रकाश सोनवानी आदि शामिल थे।

## न्यू राजेंद्र नगर में निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से न्यू राजेंद्र नगर स्थित अकादमी भवन में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से सतनामी समाज के युवक-युवतियों के लिए निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण व विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कैरियर गाइडेंस की कक्षाएं प्रारंभ कर दी गई हैं। अकादमी के अध्यक्ष केपी खंडे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि संस्था के भवन में स्थित लाइब्रेरी कक्ष, कंप्यूटर कक्ष, लेक्चर हॉल आदि वातानुकूलित अलग-अलग कक्षों में बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण सहित यूपीएससी, पीएससी, व्यापम स्तर द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग क्लास, व्यापार व उद्योग के लिए मार्गदर्शन, खेल, कला, संगीत, साहित्य, विधिक सलाह, उन्नत कृषि, बैंक (वित्तीय), राजस्व, उच्च शिक्षा, विद्युत, पीडब्ल्यूडी, नगरीय प्रशासन, पीएचई, स्वास्थ्य, महिला उत्पीडन समाधान तथा अनुसूचित जाति आयोग से मिलने वाली सहायता आदि के संबंध में निशुल्क मार्गदर्शन देने के लिए सतनामी समाज के 32 से भी अधिक सेवानिवृत्त व वर्तमान वरिष्ठ अधिकारियों तथा विषय विशेषज्ञों का पैनल तैयार की गई है।

## लंबी दूरी की बसों में सीसीटीवी नहीं लगाने वाले संचालकों से जुर्माना वसूला जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रैफिक पुलिस के अफसरों ने बुधवार को लंबी दूरी के लिए चलने वाली बस के ऑपरेटरों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही लंबी दूरी के लिए बस संचालन करने वाले बस मालिकों को ट्रैफिक पुलिस के अफसरों ने अपनी बसों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए। बसों में सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाने पर जुर्माना वसूल करने की



चेचावनी दी है। ट्रैफिक एएसपी ओमप्रकाश शर्मा, ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह ने बस मालिकों को बसों में अनिवार्य रूप से टिकट किराया की सूची चस्पा करने निर्देश दिए हैं।

### इन निर्देशों का पालन करना होगा

- बसों में रेट लिस्ट (किराया दर) की सूची अनिवार्य रूप से चस्पा करेंगे। अधिक किराया लेने की शिकायत पर एक्शन होगा।
- लंबी दूरी की यात्री बसों में यात्रियों की सेफ्टी के लिए अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा लगाये जाएं।
- बस स्टैंड से निकलने वाली बसों को रास्ते में रोक कर बस खड़ी करके सवारी चढ़ाई जाती है, जिससे आम पब्लिक को परेशानी होती है। इस समस्या को देखते हुए अब बस केवल पचपेड़ी नाका और टाटीबंध चौक में ही रुकेगी।
- बसों में माल परिवहन करने पर सख्ती से रोक। माल परिवहन करते पाए जाने पर जुर्माना।
- अनाधिकृत हॉकरों के माध्यम से टिकट बिक्री करने पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश।

## सीएफई की नई कार्यकारिणी गठित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज भनपुरी-रांवाभाठा की वर्ष 2024-26 की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें चैंबर मंत्री शंकर बजाज अध्यक्ष, लव बंसल महासचिव, सौरभ बरमट कोषाध्यक्ष बनाये गये। नई कार्यकारिणी में सिद्धार्थ चितलांगिया, रोहित पंजवानी को उपाध्यक्ष, रमेश पटेल को संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह निदेशक के रूप में राजू कापसे, संजय चावड़ा, दिलीप भाई पटेल, नीलेश मूंदड़ा शामिल किये गये हैं।

## जेवरात पर हाथ साफ करने वाले शातिर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में होली के अवसर मध्यप्रदेश गए एक परिवार के सूने मकान में पांच तोला सोना तथा 24 तोला से ज्यादा चांदी और 25 हजार रुपए नकदी चोरी करने के आरोप में पुलिस ने तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए बदमाशों के खिलाफ पूर्व में भी चोरी तथा मारपीट के अपराध दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक महावीर नगर, कुकरेजा फार्म हाउस स्थित सूरज प्रेमचंदानी के घर में चोरी करने के आरोप में विनाशक देवार उर्फ



मास्टर, अभिषेक धृतलहरे तथा भूपेंद्र साहू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार भूपेंद्र के खिलाफ बिलासपुर में भी चोरी के अपराध दर्ज हैं। सूरज ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह होली मनाने 25 मार्च को अपने परिवार के साथ कटनी गया था, 27 मार्च को वापस आने पर देखा अज्ञात चोरों ने मेन गेट में लगे ताला तोड़कर मकान के अंदर प्रवेश किया और अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखी नकदी तथा जेवर पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस को आरोपियों के घटनास्थल के पास मिले सीसीटीवी फूटेज के आधार पर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल हुई है।

## नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का आदेश

### सूडा के मामलों के लिए भी प्रभारी अधिकारी तय

# निगम आयुक्त, सीएमओ अदालत में सही तरीके से नहीं रखते पक्ष, अब ये काम करेंगे संयुक्त संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से संबंधित मामलों में प्रभारी अधिकारी (नगर निगमों के आयुक्त और मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सीएमओ) अदालतों में सही तरीके सरकार का पक्ष नहीं रख पा रहे हैं।

सरकार के ध्यान में यह बात आने के बाद अब यह आदेश जारी किया गया है कि विभाग की ओर से पक्ष रखने का काम नगरीय निकायों के सहायक, संयुक्त संचालक प्रभारी अधिकारी के रूप में पक्ष रखेंगे। उनके साथ संबंधित



निकाय के आयुक्त, उपायुक्त, जोन आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सहायक प्रभारी नियुक्त किया जाएगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने एक अप्रैल को इस संबंध में एक आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि नगरीय निकायों से संबंधित न्यायालयीन वाद प्रकरणों में सचिव, संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास, को प्रतिवादी क्रमांक एक या दो के पक्ष समर्थन के लिए आयुक्त, एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

विभाग के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि वर्तमान स्थिति में संबंधित प्रभारी अधिकारियों द्वारा उच्च न्यायालयों, सक्षम न्यायालयों में प्रबल पक्ष समर्थन के अभाव में विभाग का पक्ष यथोचित( सही तरीके से) प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। इसकी वजह से विभाग के वाद प्रकरणों में त्वरित निराकरण में देर हो रही है।

### अब ये होंगे प्रभारी अधिकारी

*नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश में कहा गया है कि प्रदेश के नगरीय निकायों के सहायक, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास, क्षेत्रीय कार्यालय( संबंधित) को निकाय के वाद प्रकरणों में प्रभारी अधिकारी तथा संबंधित निकाय के आयुक्त, उपायुक्त, जोन आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जाता है। इसी प्रकार संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के अंतर्गत स्थापना, पेंशन, यांत्रिकी प्रकोष्ठ, राज्य शहरी विकास अभिकरण से संबंधित वाद प्रकरणों में संचालनालय स्तर पर सहायक संचालक, उप संचालक, कार्यपालन अभियंता, उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) को शासन का पक्ष, समर्थन, जवाबदावा प्रस्तुत करने के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।*

## माशिम ने छात्रों व पालकों से कहा- हम पास कराने पैसे नहीं मांग रहे, ये फोन कॉल्स फर्जी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*फर्जी फोन कॉल्स से परेशान होकर माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा अंततः सूचना जारी कर दी गई है। दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षाओं में शामिल छात्रों व उनके पालकों के लिए मंडल ने यह सूचना जारी की है। इसमें मंडल द्वारा कहा गया है कि उनके द्वारा छात्रों को पास कराने या अंक बढ़ाने के लिए किसी तरह के पैसे नहीं मांगे जा रहे हैं और ना ही कोई अनुचित मांग की जा रही है। यदि इस तरह के फोन कॉल्स आते हैं तो वह पूर्णतः फर्जी हैं। माशिम का कहना है कि उन्हें विभिन्न माध्यमों से इस बात की जानकारी मिली है कि परीक्षा में शामिल परीक्षार्थियों अथवा उनके अभिभावकों को फोन करके उनसे पैसे मांगे जा रहे हैं।*

### कई तरह के भय

फोन कॉल्स में छात्रों से कहा जा रहा है कि वे फेल हो गए हैं अथवा उनके अंक कम आए हैं। खुद को मंडल का अधिकारी-कर्मचारी बताकर छात्रों को पास कराने और उनके अंक बढ़ाने के लिए उनसे पैसों की मांग की जा रही है। माशिम ने इस तरह के फोन कॉल्स पर विश्वास नहीं करने और उनसे सचेत रहने कहा है। हालांकि किसी तरह की शिकायत मंडल द्वारा थाने में अब तक नहीं की गई है। गौरतलब है कि दसवीं और बारहवीं का मूल्यांकन कार्य प्रदेशभर के 36 मूल्यांकन केंद्रों में जारी है।

## खबर संक्षेप



### छात्रवृत्ति परीक्षा में दो छात्राओं का चयन

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा महासमुंद में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत दो छात्राओं चंचल साहू पिता धनेश साहू, पैरोज साहू पिता चंद्रशेखर साहू का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2023-2024 के लिए किया गया है। छात्राओं की इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य अमी रूफस, वरिष्ठ व्याख्याता प्रमोद कुमार कन्नौजे सहित सभी शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### जो ईश्वर का नहीं, वो इंसान का भी नहीं

**पिथौरा।** पिछले कांग्रेस के भूपेश बघेल सरकार के पंचवर्षीय कार्यकाल में अनेक सांप्रदायिक दंगे व हिंसा हुए। जिसमें एक दर्दनाक हिंसा बुरहानपुर का हैं। ज्ञात हो कि बुरहानपुर में वर्तमान (साजा) विधायक ईश्वर साहू के पुत्र भुनेश्वर साहू की कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा निर्ममपूर्वक हत्या कर दिया गया था। उस समय के तत्कालीन गृहमंत्री व साहू समाज के भी मुखिया रहे ताम्रध्वज साहू इतना बड़ी घटना होते हुए भी न ईश्वर साहू के घर गए और न ही किसी प्रकार का दुख व संवेदना प्रगट करने परिवार के पास गए। यह बर्बर हत्याकांड पूरे (छग) व देश में चर्चित रहा। वहीं साहू समाज का मुखिया आज महासमुंद लोकसभा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं, ऐसे प्रत्याशी जो जाति भाई का काम नहीं आया तो अन्य इंसान का भी क्या काम आएगा। इसलिए पूर्व सभापति कृषि जिला पंचायत महासमुंद व पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा (छग) जवाहर बहादुर दीवान ने नारा दिया है, जो ईश्वर का नहीं वो इंसान का भी नहीं।

### स्टेशन में फैली अव्यवस्था के खिलाफ किया मौन प्रदर्शन

**रायपुर।** रेलवे स्टेशन में फैली अव्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस के रायपुर लोकसभा सांसद प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने बुधवार को रेलवे प्रांगण के बाहर महात्मा गांधी का चित्र लेकर मौन धरना-प्रदर्शन किया। इस मौके पर श्री उपाध्याय ने कहा कि रेलवे देश और प्रदेश की जनता को सहूलियत देने वाला सफर तय करवाती है लेकिन जब से केंद्र में भाजपा सरकार आईं है तब से रेलवे को बदहाली की दिशा में धकेल दिया है। 10 साल में रेलवे बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। भाजपा सरकार ने रेलवे की स्थिति को बदतर कर दिया, जिसके फलस्वरूप देश-प्रदेश की जनता परेशानी झेल रही है।

### चेट्रीचंड के उपलक्ष्य में निकाली स्कूटर रैली

**रायपुर।** चेट्रीचंड के उपलक्ष्य में महिलाओं ने स्कूटर रैली निकाली। भाभी मां बरखा जसूजा के सानिध्य में निकाली गई रैली को लिली चौक दुर्गा मंदिर के संत अनंतपुरी गोस्वामी महाराज, आनंद कुकरेजा, श्रीचंद सुंदरानी, अमर परवानी, राजकुमार बजाज, अशोक मखीजा, महेश दरयानी समेत सभी पंचायत के अध्यक्षों ने झंडी दिखा कर रवाना किया। सिंधु पैलेस शंकर नगर से स्कूटर रैली शुरू हुई।

**प्रवचन :** कथाकार ने कहा : भागवत विशुद्ध प्रेम शास्त्र व भगवान के श्रीमुख से नि:सृत ग्रंथ है

# काल के भय से मुक्ति दिलाने वाला ग्रंथ है श्रीमद् भागवत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा





ग्राम खैरी में भगवती प्रसाद कमल नारायण वर्मा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा वाचक पं. हरगोपाल शर्मा द्वारा कथा का वाचन किया जा रहा है, जिसे सुनने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही भाटापारा से भी प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु खैरी पहुंच रहे हैं।

भागवत कथा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए पं. हरगोपाल शर्मा ने बताया की भागवत विशुद्ध प्रेम शास्त्र व भगवान के श्रीमुख से निःसृत ग्रंथ है। भागवत के चार अर्थ होते हैं, जो भगवान का हो जाए वो भागवत है, भगवान के भक्तों का नाम भागवत है, भगवान के निवास का नाम भागवत है, भगवान के उपदेश का नाम भागवत है व भगवान के प्रियजनों का नाम भागवत है, इसलिए जो भगवान से संबंध जोड़ लेता है वो भागवत हो जाता है। मृत्यु को मंगलमय बनाने व काल के भय से मुक्ति दिलाने वाला कोई ग्रंथ है तो वो श्रीमद् भागवत है। जैसे नदियों में गंगा, देवताओं में कृष्ण, वैष्णवों में भगवान शंकर और क्षेत्रों में काशी श्रेष्ठ है। वैसे ही पुराणों में श्रीमद् भागवत श्रेष्ठ व सर्वोत्तम है। श्रीमद् भागवत कथा ब्राह्मणों में विद्या का प्रकाश करती है, क्षत्रियों में विजय श्री की भावना भरती है व समस्त वर्गों के धन, स्वास्थ्य व सेवा भाव में वृद्धि करती है। पांच प्रकार के उग्र पाप करने वाला पापी भी भागवत कथा श्रवण मात्र से शुद्ध हो जाता है।

पंडित हरगोपाल शर्मा ने बताया की मनुष्य के लिए कोई परम धर्म है, तो वो है भगवान के चरणों में प्रीति जिसके माध्यम से नर भी नारायण के पद को प्राप्त कर सकता है, इसका उदाहरण ध्रुवजी महाराज है। शर्माजी ने सुकदेव व परीक्षित के जन्म की कथा को बड़े ही विस्तार से सुनाया, कपीलोपख्यान, जड़भरत चरित्र व विभिन्न प्रसंगों को सुन श्रोता भाव विभोर होते रहे भक्त प्रह्लाद के चरित्र पर उन्होंने कहा की भगवान को भूल जाना ही सबसे बड़ी विपत्ति व सदैव भगवान की याद बने रहना सबसे बड़ी संपत्ति है। भक्त की बात रखने लिए भगवान जड़ में भी चैतन्य रूप में प्रगट हो अपने भक्त की रक्षा करते हैं। जब-जब इस धरा में धर्म की हानि होती हैं और पाप बढ़ जाता है, तब-तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतार लेकर धर्म की रक्षा एवं पापियों का नाश कर पुनः धर्म की स्थापना करते हैं। भगवान राम व कृष्ण के जन्मोत्सव पर श्याम मित्र मंडल के संजय शर्मा, गिरधर महाराज द्वारा गाए गए सुंदर भजन व बधाई गीतों में उपस्थित जनसमुदाय भाव विभोर हो झूमते व नाचते रहे।

आज की कथा में प्रमुख रूप से भाटापारा नगर से नरेश चौबे, तंजीव अरोरा, दिनेश सोनी, नंदलाल तनवानी, देवेंद्र भृगु, अधिवक्ता सुरेश यदु, गोविंद अग्रवाल, मुरारीलाल शर्मा, शैलेंद्र उपाध्याय, जय भोले कांवरिया संघ से रामजी जोशी, रवि गुप्ता, प्रमेंद्र भृगु सहित अन्य धार्मिक व सामाजिक संस्था के सदस्य उपस्थित रहे, जिनका आयोजक परिवार द्वारा स्वागत किया गया।

### ईश्वर की कृपा के बिना कुछ भी नहीं हो सकता



**अमेरा।** ग्राम में मां गायत्री महिला समूह द्वारा आयोजित संगीत मय भागवत महापुराण के चौथे दिवस पं. झालेन्द्र कुंजबिहारी तिवारी ने भागवत व्यास पिठ से भगवान विष्णु के वामन अवतार और राजा बलि के सुन्दर कथा श्रवण कराया गया। उन्होंने ने बताया की वामन अवतार भगवान विष्णु का बौना अवतार है। कथा अनुसार राजा बलि ने वामन देव को तीन पग भूमि दान का संकल्प लिया। राजा के संकल्प लेने के बाद वामन देव ने एक पग में पृथ्वी, दूसरे पग में स्वर्ग नाप लिया और तीसरा पग राजा बलि के सिर पर रखा। राजा बलि के दान विरता देखकर वामन देव प्रसन्न हुए। कथाकार ने कहा की ईश्वर की कृपा के बिना कुछ भी नहीं हो सकता। अच्छे काम भी पूजा पाठ करने की तरह ही है। मां गायत्री महिला समूह द्वारा चतुर्थ दिवस श्रोताओं के लिए भागवत कथा स्थल पर भंडारा का विशेष आयोजन किया गया।

### भागवत कथा के दूसरे दिन उमड़े श्रद्धालु



**खरोरा।** ग्राम चिचोली में चल रही भव्य भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक द्वारा गोकर्ण धुंधकारी प्रसंग एवं गौ माता को राष्ट्र माता घोषित होने पर जोर देते हुए हजारों श्रद्धालुओं ने बृज बिहारी सरकार से कथा सुनकर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजक मंडल व मां शारदा मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष राजकुमार सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष रामेश्वर सिरमौर, सचिव अवधेश पांडे, सीताराम अग्रवाल, धनश्याम अग्रवाल, रुद्र प्रताप राय, राजीव अग्रवाल, रमेश रिंकू अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, पंकज विश्वकरमा, तोप सिंह चक्रधारी, विजय ठाकुर, शिवम वर्मा सहित ग्रामवासियों महावीर धीवर, बरातु सिन्हा, चेतन सिंह, राजकुमार सोनवानी, महगु सोनवानी, समारू वर्मा, तोपसिंह, जनक साहू, विकास, राजेंद्र धीवर, राजेंद्र बंजारे, राजेंद्र वर्मा, चंद्रिका यादव, छोटी चौहान, कविता राजपूत, गोदावरी वर्मा, कौशल वर्मा, नंदनी खिचरिया, बसंती वर्मा चिचोली ग्रामबासियों का विशेष सहयोग रहा। समिति के अध्यक्ष राजकुमार सिंह ठाकुर ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने व दिव्य दरबार से अपनी समस्या का समाधान करने का आग्रह किया।

### रासलीला और गोवर्धन पूजा कथा से श्रोता हुए मंत्रमुग्ध



**खरोरा।** समीपस्थ ग्राम असौंदा में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आयोजन 5 अप्रेल तक आयोजित है। इसमें कथावाचक पं. दुर्गेश तिवारी एवं परायणकर्ता दीपक तिवारी हैं। मुख्य परीक्षित दम्पत्ति सरस्वती रोहित कुमार वर्मा हैं। कथावाचक पं. दुर्गेश रामकृष्ण तिवारी के प्रभावशाली कथावाचन से प्रभावित ग्रामवासियों सहित समीपस्थ ग्रामों से श्रोताओं की भीड़ उमड़ रही है।कथा का क्रम देवपूजन, कथा महात्म्य, व्यास जन्म, सुखदेव जन्म, परीक्षित जन्म, वाराह अवतार, कपिलोख्यान चरित्र, ध्रुव चरित्र, राजा अंग, राजा बेन, प्रहलाद चरित्र, गजमोक्ष, वामन अवतार, हरिश्चंद्र कथा, सूर्य वंशावली, श्रीराम जन्म, श्री कृष्ण जन्मोत्सव, कृष्ण बाललीला, कंसवध, गोवर्धन पूजा, रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, गीता प्रवचन होगा।कथा का समय दोपहर 1 बजे से शुरू होती है जो संध्या मंगल आरती के बाद समाप्त होती है। आयोजन के पंचम दिवस पर पंडित तिवारी ने श्रीकृष्ण की बाललीला, विशुद्ध प्रेम से सम्बद्ध रासलीला, गोवर्धन पूजा के माध्यम से गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश देते हुए जीवंत कथावाचन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कृष्ण को योगिराज, नटवर, सोलह कलाओं से युक्त परिपूर्ण आदिपुरुष बताते हुए कंस रूपी अहंकार पर कान्हा रूपी अनुराग व धर्म का विजय बताया तथा कहा कि अहंकारी कितना भी समर्थ देव ही क्यों न हो वह उसके अपमान व विनाश का कारक बन जाता है।

# महालक्ष्मी नारी न्याय गारंटी पंजीयन फॉर्म भरने महिलाओं की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने केंद्र में सरकार बनने पर महालक्ष्मी नारी न्याय गारंटी के माध्यम से महिलाओं को प्रतिमाह 8333 रुपए देने की घोषणा की है। रायपुर शहर के अंतर्गत आने वाले हर वार्ड में महिलाएं फॉर्म भरने उत्साहित नजर आ रही हैं। अब तक वार्डों में करीब डेढ़ लाख से अधिक फार्म वितरित किए जा चुके हैं। महिलाओं के द्वारा भरे गए फार्म को शहर जिला कांग्रेस कार्यालय में जमा किया जा रहा है।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे के नेतृत्व में कार्यकर्ता डॉ खूबचंद बघेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के वामन राव लाखे वार्ड के न्यू कर्मचारी कॉलोनी में कार्यकर्ताओं ने वार्ड स्तर पर बैठक के पश्चात महिलाओं से पंजीयन फार्म भी भरवाया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए हैं कि घर-घर जाकर कांग्रेस की महत्वपूर्ण घोषणा का पंजीयन फॉर्म अवश्य भराए। वार्ड में निवासरत वरिष्ठ कांग्रेस जनों के साथ हर हफ्ते बैठक करें। वहीं सुंदरलाल शर्मा वार्ड के महाराष्ट्रीयन तेली समाज अश्वनी नगर, साहू भवन चंगोराभांटा, भक्त माता कर्मा वार्ड के रामनगर स्थित पार्षद निवास में बैठकें आयोजित की गई थी। बैठक में मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष ठेंगड़ी, पार्षद उत्तम साहू मन्नू यादव, नरेंद्र ठाकुर, सुनीता शर्मा, संदीप तिवारी, आशुतोष शर्मा, विष्णु राजपूत, सुनील ध्रुव, तुषार पांडे, बब्बी सोनकर, मो. नियाज, मोहन साहू, डोमेश शर्मा, सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 62 जगह यूरिन टॉयलेट बनाकर भूला निगम 3 नए प्रोजेक्ट आने से पुराना निर्माण कबाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ रायपुर निगम ने यूरिनल टॉयलेट की नहीं ली सुध इसलिए 5 साल में ऐसा हाल

शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए निगम ने पांच साल पहले 62 स्थानों पर यूरिन टॉयलेट के लिए बाक्स लगवाया। इसे बनवाने के बाद सालभर मुख्यालय स्तर पर मॉनीटरिंग की गई। इसके बाद संबंधित जोन को रखरखाव की जिम्मेदारी देने के बाद मुख्यालय ने भी पल्ला झाड़ लिया। बाद में तीन नए प्रोजेक्ट शुरू करते हुए यूरिनल टॉयलेट को भूल गए। इससे लाखों खर्च करके लगवाए गए यूरिन टॉयलेट बाक्स कबाड़ हो रहे हैं। राजधानी के मुख्य मार्गों और बाजारों में यूरिनल के लिए जगह की समस्या को देखते हुए रायपुर निगम द्वारा पांच साल पहले की गई पहल अव्यवस्था की भेंट चढ़ गई। इसकी वजह जांचने पर पता चला कि लोगों को टॉयलेट की निःशुल्क सुविधा देने के लिए निगम ने 62 स्थानों पर यूरिन की सुविधा के लिए एजेंसी तय करके बाक्स लगवाए। इसे लगवाते समय दावा किया कि हर जोन में कर्मचारी तय करके नियमित साफ-सफाई करवाई जाएगी। टॉयलेट में रोशनी और पानी की सुविधा की जाएगी। यह सभी दावे फेल होने से 12 लाख से ज्यादा की लागत से लगवाए गए बाक्स कबाड़ हो गए।

गंदगी व अव्यवस्था होने से लोग इस्तेमाल भी नहीं कर रहे हैं।

यूरिन टॉयलेट बाक्स लगाने के बाद निगम ने कमाई के लिहाज से तीन नए प्रोजेक्ट शुरू किए। इनमें ई-टॉयलेट, पिंक केयर सेंटर और टॉयलेट माय राइट प्रमुख है। प्रोजेक्ट शुरू होने से महिलाएं पिंक केयर सेंटर का इस्तेमाल बाजार क्षेत्र में करने लगीं। फीडिंग जोन के साथ किड्स केयर के रूप में विकसित किया। इसके बाद यूरिन टॉयलेट बाक्स की सुध नहीं ली गई। इसके बाद नई सुविधा मिलने से बाक्स गायब हो गए। अभी 62 में से करीब 40 स्थानों पर लगे आधे-अधूरे बाक्स कबाड़ का रूप ले चुके हैं।

### जगह की कमी को देखते हुए पहल

निगम सूत्रों ने बताया कि बाजारों और मुख्य मार्गों के आस-पास बनवाए गए कई सुलभ-शौचालय को विभिन्न निर्माण कार्यों के चलते तोड़ना पड़ा। तब यूरिन की सुविधा देने के लिए निगम प्रशासन ने कई जगह दोबारा निर्माण कराने की प्लानिंग की, मगर जगह की कमी के चलते निर्माण संभव नहीं होने से यूरिन के लिए टॉयलेट बाक्स लगाने की जिम्मेदारी निगम ने एजेंसी को देते हुए प्रति सेट लगवाने पर करीब 20 हजार रुपए खर्च किए। इस प्रकार 62 स्थानों पर लगाने में 12 लाख से ज्यादा खर्च किया।

# ट्रक पलटा, साथ में बाइक सवार को लिया चपेट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



एनएच 53 में एक ट्रक के अनियंत्रित होकर पलटने से रोड किनारे खड़े एक बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक को पलटते हुए देखने के बाद बचने के लिए वह बाइक को खड़ी कर दिया था। लेकिन, ट्रक की चपेट में आने से खुद का बचा नहीं पाया और उसमें दबकर मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं, ट्रक चालक को भी गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक 18 चक्का खाली ट्रक क्रमांक सीजी 04 टीई 1505 रायपुर से सरायपाली की ओर जा रही थी। इसी दौरान एनएच 53 पोटापारा पिथौरा के पास अनियंत्रित होकर डिवाईडर से टकरा गई। टकराने के बाद ट्रक डिवाईडर को पार कर दूसरी साइड रोड में चली गई। इसी दौरान कोहाकुड़ा निवासी प्रेमनाथ पटेल पिता गंगाराम 49 वर्ष बाइक से झलप जा रहा था।

## पेज 11 के शेष

### लो वोल्टेज : पानी ...

गांव में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। सुबह से ही ग्रामीण पानी के लिए सिंगल फेज में चल रही कनेक्शन के सहारे पानी भरने के लिए लाइन लगाकर पानी भरते हैं, एक तरफ फेज से चल रहे नल कनेक्शन से हमेशा खतरा बना रहता है, लेकिन गर्मी के प्रारंभिक माह में ही ग्रामीणों को पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आगामी माह में भीषण गर्मी पर ग्रामीणों को क्या पानी मिल भी पायेगा यह एक बड़ा सवाल है। इधर लोकसभा का मतदान भी आगामी माह में है। ऐसे में पानी की समस्या कही वनांचलवासियों के लिए मुद्दा न बन जाएं। बहरहाल यहां के ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को केवल चुनावी जुमला बताया है।

**10 वर्षों से है सब स्टेशन की मांग:** ग्राम के महिला प्रेम बाई, फिर बाई ठाकुर, देवकी ठाकुर ने बताया कि आज 10 वर्षों से नया सब स्टेशन की मांग कर रहे हैं, लेकिन केवल आज तक आश्वासन ही मिला है। किसी भी जनप्रतिनिधि या अधिकारियों ने यहां की समस्याओं को अपना नहीं समझा है। केवल कोरे आश्वासन देकर सभी ने केवल अपना उल्लु सीधा किया है। गांव की प्रेम बाई ने कहा कि घर में अनाज तो है, लेकिन पानी नहीं तो फिर खाना हम बनाये कैसे, और पूरे को क्या खिलाये, नलजल योजना का भी कोई लाभ नहीं मिला है। इसके अलावा आज तक नया सब स्टेशन नहीं लग सका है। ग्रामीणों ने कहा कि यहां बिजली की किसी भी प्रकार की समस्या होने पर 35 किलोमीटर दूर कसडोल जाकर समस्या बताने पर कई दिनों के बाद समाधान होता है, जिसके कारण यहां की समस्या जस की तस बनी हुई है।

### पानी के लिए...

सिंगल फेज से केवल पानी आ रहा है वो भी रुक-रुककर आता है, लेकिन सुबह से शाम तक बिना पानी के जीना मुश्किल है। इसलिए महिलाएं सुबह से खड़ी दोपहरी तक पानी ढोती रहती है।

### 1 माह से...

ब्लैक ऑउट हो जाता है, लेकिन गांव में नेटवर्क नहीं होने के कारण इन्हें समय पर बिजली भी नहीं मिल पाती, जिसके कारण बिजली कभी भी कट जाती है। इधर अब गर्मी के प्रारंभिक माह में ही जब बिजली लो है फिर आगामी माह में भीषण गर्मी में कैसे ग्रामीणों को पानी मिलेगा यह एक अहम सवाल है।

### भाजपा का एक...

साहू, सुरेश यदु सहित पार्षद और मंडल पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर बृजमोहन अग्रवाल की उपस्थिति में मल्दी सरपंच भोला वर्मा, पूर्व सरपंच गोढ़ी टी रामप्रसाद साहू, समेत सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसियों सहित अन्य लोगों ने भाजपा की सदायस्ता ग्रहण की।

**एक साल से अटका था काम, शासन स्तर पर स्वीकृति रही**

# रफ्तार पकड़ेगा अमृत मिशन का अधूरा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम को अमृत मिशन फेज 2 का बकाया काम पूरा करने 53 करोड़ रुपये की मंजूरी राज्य शासन ने दी है। इस राशि से शहर में अमृत मिशन के तहत लंबित नई पाइप लाइन बिछाने, लोगों के घरों में इंटर कनेक्शन करने का काम पूरा कराने में आसानी होगी। अमृत मिशन का 70 फीसदी काम पूरा होने के बाद बाकी का 30 फीसदी बकाया कार्य पिछले एक साल से राज्य शासन से आवश्यक राशि की स्वीकृति नहीं मिलने से लंबित रहा।

गर्मी के सीजन में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने अब निगम प्रशासन को आसानी होगी। राज्य सरकार ने एक साल से अमृत मिशन फेज 2 के लंबित 53 करोड़ की राशि संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। इस राशि से राजधानी के टाटीबंध और चंदनीडीह बस्ती में अमृत मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने का काम जल्द शुरू होगा। इसके साथ ही जोन 6 के शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड के संजय नगर इलाके में नई पाइप लाइन बिछाने के अधूरे काम में गति आयेगी। नगर निगम जोन 7 स्थित आत्मानंद वार्ड के पॉश इलाके समता कालोनी और चौबे कालोनी के छूटे हुये हिस्से में नई पाइप लाइन बिछाकर लोगों के घरों में पेयजल आपूर्ति के लिए इंटर कनेक्शन देने का काम भी जल्द शुरू होगा। जोन 2 स्थित रमण मंदिर वार्ड के चूना भट्ठी इलाके में अमृत मिशन के तहत बिछाई गई नई पाइप लाइन की टेस्टिंग और लोगों के घरों में इंटर कनेक्शन कर पानी पहुंचाने टीम जुटेगी।

### न्यू शांतिनगर, शांतिनगर एरिया में चलेगा काम

प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी अंशुल शर्मा का कहना है, 53 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिलने के बाद न्यू शांतिनगर, शांतिनगर एरिया में पाइप लाइन टेस्टिंग कर संबंधित क्षेत्र के लोगों के यहां इंटर कनेक्शन का कार्य शुरू कर नियमित जल आपूर्ति प्रारंभ कर दी जायेगी। इसी तरह शहीद भगत सिंह चौक क्षेत्र में अमृत मिशन के तहत लंबित काम को पूरा किया जायेगा।



### 7 ओवर हेड टैंक से जल आपूर्ति, लोगों को राहत


शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में आम जनता को सुगम तरीके से जल आपूर्ति उपलब्ध कराने नगर निगम ने अमृत मिशन के तहत 7 ओवर हेड टैंक का निर्माण कराया। इनमें बैरनबाजार की नई पानी टंकी, देवेन्द्र नगर पानी टंकी, कुकुरबेड़ा, भनपुरी, रायपुरा और टैगोर नगर की पानी टंकी शामिल है। इन इलाकों में नई पाइप लाइन से नगर निगम ने जल आपूर्ति शुरू कर संबंधित क्षेत्र के रहवासियों को राहत पहुंचाई है।

# जीवन में सदैव बैर भाव को कल पर टालना चाहिए : आचार्य सागर मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जीवन में सदैव बैर भाव को कल पर टालना चाहिए और सत्कर्म को तत्काल करना चाहिए। उक्त बातें जनपद पंचायत मैदान कसडोल में युवा आस्था मंच द्वारा आयोजित श्रीराम कथा में आचार्य सागर मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि श्रीराम द्वारा बाली को मुक्ति देने के बाद सुग्रीव राजा बन गया और भगवान के कार्य को भूल गया तब भगवान ने कहा कि जिस बाण से बाली को मारा, उसी बाण से बाली को मारूंगा और लक्ष्मण को कहा कि सुग्रीव मेरे सखा है उसके पास जाकर उसे भय दिखा कर ले आना। आचार्य श्री मिश्रा ने कहा कि भगवान ने कहा कि सुग्रीव को आज नहीं कल मारूंगा अर्थात क्रोध को कल पर टालने से बात बन सकती, वहीं सत्कर्म को तत्काल ही कर लेना चाहिए, क्योंकि यदि सत्कर्म को कल पर टाल देते हैं तो बिगड़ सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान किसी का दोष नहीं देखते। उन्होंने श्री राम द्वारा रावण के उद्धार पश्चात अवधपुरी पहुंचने एवं राज्याभिषेक की दिव्य कथा का श्रवण उपस्थित श्रोताओं को अपनी सुमधुर वाणी से रसपान करा कर आनंदित किया, जिससे श्रोता गण झूम उठे और श्री सीता राम जी की जय घोष करने लगे, जिससे पूरा कसडोल नगर राममय हो गया। इस अवसर पर विधायक संदीप साहू, पूर्व विधायक अरुण कुमार मिश्रा, सेवानिवृत्त सिविल सर्जन दुर्ग डा. वाय के शर्मा, पं. आदित्य किरण चतुर्वेदी, सेवानिवृत्त सब इंजीनियर कीर्तन मिश्रा, लक्ष्मी चंद दुबे, आस पास गांव एवं दूर दराज के श्रोता उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने युवा आस्था मंच द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

**कसडोल में युवा आस्था मंच द्वारा आयोजित श्रीराम कथा जारी**







## खबर संक्षेप

### नवोदय में दीपेश का चयन



**खरोरा।** नगर के स्कूल से दीपेश कुमार साहू का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है, जो रोशन साहू शिक्षक एवं पुष्पा साहू का पुत्र है। छात्र के इस उपलब्धि पर समस्त ग्रामवासियों एवं शिक्षकों में हर्ष का माहौल है। छात्र के सभी शिक्षक एवं उसके माता-पिता उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### मोबाइल से मतदाताओं को मिल रही निर्वाचन की जानकारी

**रायपुर।** निर्वाचन में सूचना प्रौद्योगिकी और नई तकनीकें अहम भूमिका निभा रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी एवं सहभागिता बढ़ाने में सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत निर्वाचन आयोग नई तकनीकों और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग निर्वाचन को और ज्यादा सुगम, निष्पक्ष तथा समावेशी बनाने में कर रहा है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक और सजग रहना जरूरी है।

### लोगों को शीतल पेयजल फ्रूटी व छाछ वितरित

**सरायपाली।** संगम सेवा समिति द्वारा तहसील कार्यालय एवं उप पंजीयक रजिस्ट्री ऑफिस में आने वाले लोगों के लिए ठंडे पानी पाउच की व्यवस्था की गई। समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल ने बताया कि अप्रैल माह आते-आते मई जून तक गर्मी बहुत बढ़ जाती है, जिस वजह से बाहर से आने वाले ग्रामीण लोगों की सुविधा के लिए समिति द्वारा ठंडे पानी की व्यवस्था कराई जा रही है।

### स्कूल में 10 दिवसीय समर कैंप का समापन

**महासमुंद।** हनीड्यू इंग्लिश मीडियम स्कूल में समर कैंप के तहत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर उनके हुनर को तराशा गया। 10 दिवसीय इस समर कैंप शिविर में बच्चों के लिए योग, नृत्य, चित्रकला और शिल्प कला का आयोजन किया गया। हनीड्यू इंग्लिश मीडियम स्कूल के संस्थापक डॉ विमल चोपड़ा, शाश्वत चोपड़ा एवं सभी शिक्षकों के द्वारा कार्यक्रम को संचालित किया गया।

### बेमचा खल्लारी मंदिर में चैत्र नवरात्रि की तैयारी

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा के खल्लारी मंदिर में चैत्र नवरात्रि की तैयारी चल रही है। चैत्र नवरात्रि पर 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक शतचंडी यज्ञ एवं भागवत महापुराण एवं संगीत जगराता का कार्यक्रम होगा।

**प्रशिक्षण : मतदाता शपथ एवं मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया**

# लोकसभा निर्वाचन के प्रथम चरण के लिए 550 अभ्यर्थियों ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण विकासखंड में दो और तीन अप्रैल को हुआ। प्रशिक्षण शासकीय पंचम दीवान उच्चतर माध्यमिक शाला में आयोजित किया गया। सुश्री दीप्ति गौते अपर कलेक्टर के विशेष मार्गदर्शन में 11 से 5 बजे तक आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के सरकारी कर्मचारी एवं अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया के संबंध में गहनता से प्रशिक्षण प्राप्त किया। संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर ने प्रशिक्षणरत सेवकों को निर्वाचकीय कार्यों के संबंध में गंभीरता से सीखने के लिए प्रेरित किया। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों ने विभिन्न सत्रों के दौरान निर्वाचन दल को सफलता पूर्वक चुनाव कार्य संपन्न कराने के लिए मतदान अधिकारी एक, दो-तीन और पीठासीन अधिकारी, मतदान दल की जिम्मेदारियां, ईवीएम मशीन के संचालन की प्रक्रिया आदि पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। आम चुनाव के लिए प्रशिक्षण सत्र के पहले दिन 560 सरकारी सेवकों का प्रशिक्षण हुआ, जिसमें 10 कर्मी अनुपस्थित रहे। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम भाटापारा नितिन तिवारी के दिशा निर्देश पर प्रशिक्षण स्थल पर शासकीय अमले के सुगम प्रशिक्षण हेतु बैठक व्यवस्था, कुशल प्रशिक्षकों द्वारा सत्रवार ट्रेनिंग, जलपान एवं भोजन व्यवस्था के लिए विभिन्न विभागों ड्यूटी लगाई गई थी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफलतापूर्वक निष्पादन के लिए अनु विभाग राजस्व द्वारा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार भाटापारा, पुलिस विभाग, जनपद, स्कूल शिक्षा, महिला बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, नगरीय निकाय, शाला प्रशासन आदि को दायित्व सौंपे गए हैं।





### सीडीपीओ को बनाया गया नोडल अधिकारी

प्रशिक्षण स्थल पर ही शासकीय सेवकों के लिए डाक मत पत्र इशू करने के फॉर्म भरने की सुविधा दी गई है। डाक मतपत्र हेतु कर्मियों को फार्म 12 में विधानसभा का नाम, निर्वाचक नामावली में भाग संख्या, इपिक कार्ड का विवरण, मोबाइल नंबर, फोटोग्राफ सहित आवश्यक जानकारी देनी होगी। डाक मत पत्र हेतु विधानसभा क्रमांक 46 भाटापारा के लिए सीडीपीओ भाटापारा को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### मतदाताओ को शपथ भी दिलायी गई

प्रशिक्षण सत्र के अंतिम में लोकतांत्रिक परंपराओं के निर्बाध निर्वाहन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता शपथ कार्यक्रम का संक्षिप्त आयोजन किया गया, जिसमें सहायक रिटर्निंग अधिकारी नितिन तिवारी ने निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य बनाए रखने का संकल्प लेते हुए प्रशिक्षण स्थल पर 700 से ज्यादा उपस्थित शासकीय सेवकों ने निर्भीक एवं अनिवार्य मतदान हेतु शपथ दिलाई। प्रशिक्षण स्थल पर मतदाता शपथ के बाद समस्त कर्मियों मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान के बैनर पर हस्ताक्षर करते हुए मतदान हेतु संकल्प भी लिया। मतदाता जागरण की दृष्टिकोण से प्रशिक्षण स्थल पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए थे।

# माध्यमिक व हाईस्कूल के छात्रों को परोसा गया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल पण्डरिया में गंगा स्वसहायता समूह, मोहन पटेल, दुर्गा पटेल, दुलार ध्रुव एवं नारायण पटेल, महिला समूह द्वारा न्योता भोज का आयोजन रखा गया, जिसमें चावल, दाल, सब्जी, अचार, पापड़ के साथ ही खीर-पूरी, सलाद, जलेबी, बालुसाय की वितरण बच्चों को किया गया। कार्यक्रम को पंडरिया के गणमान्य नागरिकों एवं पालकों के अलावा मुख्य अतिथि विकासखण्ड अधिकारी राजेन्द्र कुमार टंडन, सहायह विकासखंड अधिकारी कैलाश कुमार साहू, लवन, डीडीओ प्राचार्य हरिशंकर जोशी एवं बीआर सोनी, अश्वनी तिवारी द्वारा संबोधित किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य मनोज कुमार शांडिल्य, वरिष्ट व्याख्याला बुधराम लहरे, व्यास्याता सत्येन्द्र कुमार मनहर, अभिमन्यु, मुक्ति काले, संगीता काले, ललिता झा, उत्तरी भास्कर, अशोक श्रेय, रामचंद श्रीवास, संकुल समन्वयक भी अरुण कुमार साहू, कर्मचारी रिकेश निराला, सुकदेव पटेल आदि ने सहयोग किये। सभी बच्चे न्योता भोज पाकर खिल उठे। सरपंच पदमा योगेश निराला, उप सरपंच साध राम पटेल एवं समस्त पंच भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# सहनी पड़ रही गर्मी की मार, बदलाव के अभी दो दिन नहीं हैं आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले साल रायपुर का अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री से आगे नहीं बढ़ पाया था, मगर इस बार माहांत तक इसके 44 पार होने की पूरी संभावना है। पिछले दो दिन से शहर के लोग 40.5 डिग्री तापमान वाली गर्मी से झुलस रहे हैं। अगले दो दिन तक बढ़ती गर्मी में बदलाव के आसार नहीं हैं। अप्रैल का महीना बढ़ती गर्मी का अहसास लिए होता है और मई तथा जून के पहले पखवाड़े तक लोग इससे हलाकान रहते हैं। इस बार सूरज ने अपने तेज से लोगों को परेशान करने के संकेत शुरुआती दिनों से दे दिया है। पिछले दो दिन से रायपुर का अधिकतम तापमान 40.5 पर बना हुआ है, जिसकी वजह से दोपहर बारह बजने के बाद से कड़ी धूप भी लोगों का बारह बजा रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन तक गर्मी के तेवर में किसी तरह का बदलाव नहीं होगा, मगर इसके बाद छाने वाले बादल कुछ इलाकों में बरस भी सकते हैं।

■ 40 .5 डिग्री पर ठिठका रहा तापमान, अभी थोड़ा और बढ़ेगा



हवा के साथ राज्य में नमी का आगमन होने की वजह से बढ़ते तापमान में थोड़ा अवरोध आने की संभावना है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल रायपुर में अधिकतम तापमान महीने के अंतिम दस दिनों में 43.2 तक पहुंचा था। इस दिन का पारा 44 डिग्री के पार होने की पूरी गुंजाइश है। शहर में अभी दिन और रात का तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया है।

# दिगम्बर जैन समाज ने अरुण बंटी छाबड़ा का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

गौरव का पल छत्तीसगढ़ भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक जयंती महोत्सव पर सकल दिगम्बर जैन समाज श्री चिन्मय सागर चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन मंगल भवन में किया गया। इस सम्मान समारोह में भाटापारा नगर के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अरुण बंटी छाबड़ा को सेवा संस्थान के श्रीप्रकाश मोदी, सुमन लता मोदी एवं छगन मूंधड़ा से उनके सामाजिक संगठन द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ जैन समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे। विदित हो कि श्री छाबड़ा द्वारा मानव सेवा समाजसेवा कर मानद उपाधि डाक्ट्रेट प्राप्त कर अपने पिता की पूण्य स्मृति में शव वाहन (स्वर्ग रथ) की निःशुल्क सेवा से 3000 से अधिक लोगों की सहायता करने के साथ भाटापारा में 2196 मीटर लंबा तिरंगा फहराया कर छत्तीसगढ़ का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भाटापारा का नाम अंकित करवाया। उन्हें 400 से अधिक संस्था द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। अरुण बंटी छाबड़ा को सम्मान प्राप्त होने पर सभी ने शुभकामनाएं दी।



### कान्हा गुरुजी को मिला इनोवेटिव शिक्षक सम्मान

**बगबुड़ा।** भाटापारा में श्री 1008 भगवान आदिनाथ जन्म महोत्सव एवं राष्ट्रीय शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। संत मुनिश्री 108 चिन्मय सागर महाराज के आशीर्वाद से श्री चिन्मय सागर चौरिटेबल ट्रस्ट मोदी परिवार भाटापारा द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला कानाकोट विकासखंड पलारी के नवाचारी शिक्षक कन्हैया साहू को स्कूल में बच्चों की पढ़ाई के लिए किए जा रहे नवाचार के लिए इन्नोवेटिव टीचर अवार्ड-2024 सम्मान से सम्मानित किया गया। यह राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिया गया जिसमें 250 शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और 75 उत्कृष्ट शिक्षकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विकासखंड पलारी जिला बलौदा बाजार से कन्हैया साहू कान्हा गुरूजी को उत्कृष्ट शिक्षक के रूप चयनित कर प्रशस्ति पत्र एवं मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कन्हैया साहू के सम्मान होने पर संकुल समन्वयक दिलीप पैकरा, देवेंद्र साहू कानाकोट शाला की प्रधानपाठक भूमिता कुर्रे शिक्षक मनीराम पैकरा सुनीता साहू संध्या पैकरा एवं शिक्षक दिनेश ठाकुर, लोचन बांधे, शंकर पैकरा, दिलेश्वर, तिलक साहू, परस देवांगन, संकुल प्राचार्य मुकेश चौहान और शाला विकास समिति कानाकोट के सदस्यों ने शुभकामनाएं दी।



# लोकसभा निर्वाचन में वाहन अधिग्रहण के लिए मंगाए गए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन कार्य के लिए वाहनों की व्यवस्था हेतु वाहन मालिक से आवेदन आमंत्रित है। निर्वाचन कार्य के लिए इच्छुक नागरिक अपने वाहन जैसे-कार, ट्रैक्टर, बड़े-छोटे मालवाहक आदि अधिग्रहित किराये पर अधिग्रहित करा सकते हैं। वाहन अधिग्रहण के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय मंडी परिसर सारंगढ़ में आवेदन जमा कर सकते हैं और अधिक जानकारी के लिए सहायक नोडल अधिकारी वाहन विरेन्द्र जोल्हे से संपर्क कर सकते हैं। अधिग्रहण के लिए वाहन और वाहन चालक के वैध दस्तावेज उपलब्ध कराना होगा। निर्वाचन के बाद इन अधिग्रहित वाहनों के किराए का भुगतान किया जाएगा।

# सेक्टर अधिकारी-बीएलओ व सुपरवाइजरों को दी गई चुनाव संबंधी कार्यों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच बुधवार को रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर नवीन ठाकुर ने सेक्टर अधिकारी, बीएलओ और सुपरवाइजरों की संयुक्त बैठक लेकर उन्हें चुनावी कार्यों से संबंधित जानकारी दी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर नवीन कुमार ठाकुर ने बैठक के दौरान मतदान केंद्रों में दिव्यांग मतदाता, 85 से अधिक उम्र के मतदाताओं को घर से मतदान करने के संबंध में जानकारी दी। इसके लिए सूची समय सीमा के भीतर बनाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही वोटर हेल्पलाइन, सरकारी कर्मचारी को चुनाव ड्यूटी सर्टिफिकेट एवं पोस्टल बैलेट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने मतदान केंद्र का पुनः निरीक्षण कर आवश्यक उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर राकेश देवांगन और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने ली मतदान करने की शपथ



**भटगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन और स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता अंतर्गत नवाचार करते हुए नये-नये आयोजन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम दानसरा और बरमकेला विकासखंड के ग्राम लेन्धरा के बाजार में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। दानसरा में इस रैली की शुरूआत मंदिर प्रांगण से की गई। इसी प्रकार जनपद पंचायत बरमकेला के सीईओ प्रज्ञा यादव के नेतृत्व में ग्राम पंचायत पिहरा, डुमरपाली और गोबरसिंघा में तालाब गहरीकरण या अन्य कार्य में संलग्न श्रमिकों ने मतदान करने के लिए सामूहिक शपथ ली।







